भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 60
(02 फरवरी, 2021 को उत्तर दिए जाने के लिए)

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना तथा गरीब कल्याण रोजगार अभियान के तहत रोजगार

60. श्री चुन्नी लाल साहुः
श्री मोहन मण्डावीः

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पंचायत स्तर पर रोजगार प्रदान करने के लिए सरकार की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के अंतर्गत अभी तक राज्य-वार कितने लोगों को रोजगार प्रदान किया गया; और
(ग) कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान गरीब कल्याण रोजगार अभियान के अंतर्गत अभी तक राज्य-वार कितने लोगों को रोजगार प्रदान किया गया है?

उत्तर
ग्रामीण विकास मंत्री
(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क): सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का कार्यान्वयन वर्ष 2005 के इसी नाम के अधिनियम के अधीन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के माध्यम से कर रही है, जिसमें अकुशल श्रम कार्य करने के लिए इच्छुक वयस्क सदस्यों वाले प्रत्येक ग्रामीण परिवार को एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिनों के मजदूरी रोजगार की गारंटी दी जाती है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत पंचायत स्तर पर कार्यान्वयनकर्ता एजेंसी ग्राम पंचायत है और कम से कम 50% कार्यों का कार्यान्वयन ग्राम पंचायतों को करना होता है।

(ख): महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान (25.01.2021 तक) रोजगार पाने वाले व्यक्तियों की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुबंध** में दर्शाया गया है।

(ग): कोविड़-19 महामारी के दौरान गरीब कल्याण रोजगार अभियान के अंतर्गत सृजित रोजगार (श्रम दिवसों में) का राज्य-वार ब्यौरा इस प्रकार है :-

क्र.सं.	**राज्य**	**सृजित रोजगार (श्रम दिवसों में)**
1	बिहार	111948805
2	झारखंड	13251929
3	मध्य प्रदेश	99901931
4	ओडिशा	23031641
5	राजस्थान	153917007
6	उत्तर प्रदेश	105817358
	कुल	507868671

लोक सभा में दिनांक 02.02.2021 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 60 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

(आंकड़ें लाख में)

महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत रोजगार पाने वाले व्यक्तियों की संख्या		
क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2020-21(25.01.2021 तक)
1	आंध्र प्रदेश	77.70
2	अरुणाचल प्रदेश	2.24
3	असम	28.18
4	बिहार	49.51
5	छतीसगढ़	53.44
6	गोवा	0.04
7	गुजरात	17.67
8	हरियाणा	5.98
9	हिमाचल प्रदेश	8.18
10	जम्मू और कश्मीर	7.77
11	झारखंड	28.10
12	कर्नाटक	51.56
13	केरल	17.34
14	लद्दाख	0.35
15	मध्य प्रदेश	94.42
16	महाराष्ट्र	24.89
17	मणिपुर	5.79
18	मेघालय	6.62
19	मिजोरम	2.21
20	नागालैंड	4.13
21	ओडिशा	55.85
22	पंजाब	10.48
23	राजस्थान	100.78
24	सिक्किम	0.72
25	तमिलनाडु	75.74
26	तेलंगाना	52.24
27	त्रिपुरा	7.95
28	उत्तर प्रदेश	108.37
29	उत्तराखंड	8.10
30	पश्चिम बंगाल	109.69
31	अण्डमान और निकोबार	0.09
32	दादरा और नागर हवेली	0.0000
33	दमन और दीव	0.0000
34	लक्षद्वीप	0.0007
35	पुडुचेरी	0.53
	कुल	**1,016.67**